आज
पटना, गुरुवार, ९ मई, २०१३

बिहार में ऊर्जा क्षति अधिक

(आज समाचार सेवा)



• पटना। ऊर्जा के क्षेत्र में वितरण सुधार के उपाय विषय पर भारतीय औद्योगिक परिषद (सीटू) के द्वारा सम्मलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में वक्ताओं ने वितरण में होनेवाले ऊर्जा क्षति को बिहार में सर्वाधिक बताया।

सम्मेलन का आयोजन ऊर्जा से संबंधित विभिन्न मुद्दों, ऊर्जा वितरण के क्षेत्र में सुधार, सरकार की कोशिशों, नियामक तैयारियां, फ्रेंचाइजी लेकर काम करने वालों की अपेक्षाएं तथा अन्य तकनीकी तैयारियों पर चर्चा की गयी। राजय के ऊर्जा मंत्री विजयेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य में ऊर्जा की स्थिति सुधरी है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि २०१५ तक राज्य में ५ हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन होने लगेगा। राज्य सरकार ने इसके लिए विद्युत नियामक आयोग का गठन किया है। राज्य सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में तैयार योजना का कार्यान्वयन के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध करने को तत्पर है।

राज्य के ऊर्जा सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में सुधार के लिए तैयार योजना पर तेजी से कार्य कर रही है। इसके तहत बिहार राज्य विद्युत बोर्ड को विघटित करने तथा विद्युत संचरण, उत्पादन तथा नियंत्राण के लिए अलग-अलग इकाइयां गठित करने की बात उन्होंने कही। सम्मेलन में उन्होंने इन सभी के अलावा मोहर लगाने तथा बकाया वसूली के लिए राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने विद्युत बिलों का भुगतान के लिए बैंक तथा मोबाइल कंपनियों के साथ करार किये जाने की तैयारी के बारे में बताया। राज्य में बारह शहरों में विद्युत आपूर्ति, वितरण तथा संचरण का कार्य फ्रेंचाइजी पर देने की योजना है। फिलहाल भागलपुर तथा मुजफ्फरपुर में फ्रेंचाइजी के द्वारा विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष यू एन पंजियार ने कहा कि संचरण तथा वितरण के दौरान ऊर्जा का अपव्यय रोकने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य सलाहकार कमेटी का गठन किया गया है जो ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं, पुराने ट्रांसफार्मरों को बदलने तथा उच्च शक्ति वाले ट्रांसफार्मर लगने के लिए सलाह देगा। सीटू के बिहार राज्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में फ्रेंचाइजी मॉडल अपनाया जाना चाहिए।

टाटा पावर दिल्ली वितरण के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी प्रवीर सिन्हा ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य में दिल्ली विद्युत शुल्क की दर में सुधार के साथ-साथ फ्रेंचाइजी व पीपीपी मोड अपनाने की बात कहा। सीटू की पूर्वी क्षेत्र के ऊर्जा सब कमेटी ने अध्यक्ष सुभाष सेठी ने राज्य में ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की बात कही।